GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:01.09.2022**

# HINDUSTAN

# वाईएमसीए में पहली मेरिट के तहत दाखिले शुरू

- मेरिट के 80 % छात्रों की काउंसिलिंग पूरी
- दो पालियों में किया जा रहा वेरिफिकेशन

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं वाईएमसीए में पहले मेरिट जारी होने के बाद बुधवार से दाखिले का दौर शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी की गई मेरिट सूची के आधार पर छात्र सुबह दस्तावेजों की जांच कराने पहुंचे। दाखिला प्रक्रिया के पहले दिन बीएससी (केमिस्ट्री), फिजिक्स व बीकॉम जैसे कोर्स में दाखिले पूरे किए गए।

विश्वविद्यालय की ओर से दाखिला प्रक्रिया सुबह और दोपहर की पाली में पूरी हुई। हाईकट ऑफ वाले छात्रों को सुबह की पाली में दाखिले के लिए बुलाया गया, जबकि बाकी छात्रों को दोपहर में वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था।

विश्वविद्यालय में दाखिला निदेशक डॉ. मनीषा गर्ग ने बताया कि मेरिट सूची के मुताबित, पहले दिन 80 फीसदी छात्रों ने काउंसिलिंग में हिस्सा लिया। नियमानुसार, दाखिला प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**NEWS CLIPPING:01.09.2022**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विवि में पहले दिन दाखिले के लिए उमड़े छात्र

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में बुधवार से दाखिले के लिए काउंसलिंग शुरू हुई। इसमें सैकड़ों छात्र विभिन्न विभागों में अपने दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंचे। मेरिट के अनुसार पहले दिन 80 फीसदी छात्रों ने रिपोर्ट कर दाखिले के लिए भौतिक सत्यापन कराया, हालांकि कई आवेदक ऐसे भी रहे जो आरक्षण के आधार पर मेरिट में जगह बनाने के बावजूद संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सके। ऐसे छात्रों को अगली बार आने के लिए कहा गया है।

**मेरिट आधार पर मिला प्रवेश दस्तावेज की कमी पर कई को लौटाया**

विवि में दाखिले के लिए उमड़ें छात्रों में अलग ही उत्साह रहा। छात्र विभाग के अनुसार सत्यापन के लिए पहुंचे। पहले दिन बीएससी (केमिस्ट्री), फिजिक्स व बीकॉम जैसे कोर्स में दाखिले हुए। इसके लिए छात्रों को दो समय अवधि (सुबह व दोपहर) में बुलाया गया था। इसमें हाई कट ऑफ वाले आवेदकों को सुबह की पाली में और तुलनात्मक रूप से कम अंक वालों को दोपहर में भौतिक सत्यापन के बाद दाखिले का मौका मिला। सामान्य वर्ग में दाखिले के इच्छुकों को दाखिले सहजता से मिले। हालांकि आरक्षित वर्ग को विभिन्न दस्तावेज के सत्यापन के बाद दाखिला सुनिश्चित करने का मौका मिला। कई छात्रों ने पिछड़ा वर्ग में आरक्षित सीट पर मेरिट में जगह बनाई। सत्यापन के समय पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर में होने के कारण उन्हें आरक्षण लाभ नहीं मिल सका। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:01.09.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी विश्वविद्यालय ने दाखिले के भ्रामक दावों से किया सावधान

■ स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया पूर्णत योग्यता आधारित

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने छात्रों तथा उनके अभिभावकों को विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने का झूठा दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह से सावधान किया है जोकि उनसे पैसा ऐंठने का प्रयास हो सकता है।

विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया पूर्णतः योग्यता पर आधारित है। विश्वविद्यालय की दाखिला समिति द्वारा आवेदनों का कड़ा मूल्यांकन किया जाता है। चयन प्रक्रिया में कई घटक और कट-ऑफ होते हैं,जो जेईई/गेट स्कोर या प्रवेश परीक्षा या योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर तय किए जाते हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में अलग से कोई प्रबंधन कोटा नहीं है। विश्वविद्यालय ने छात्रों और उनके अभिभावकों को ऐसे किसी भी झूठे या भ्रामक दावों से सावधान रहने की सलाह दी है और ऐसे किसी भी मामले की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रमाण के साथ फोन नंबर या ईमेल पर दी जा सकती है। विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले से संबंधित प्रत्येक जानकारी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से दी जा रही है। विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे अन्य स्रोतों से प्राप्त जानकारी की सत्यता की जांच अवश्य करें।

**NEWS CLIPPING:01.09.2022**

# DAINIK BHASKAR

## एडमिशन योग्यता के आधार पर मिलेगा, किसी के झूठे बहकावे में न आएं छात्र

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने छात्रों व उनके अभिभावकों को दाखिला दिलाने का झूठा दावा करने वालों से सचेत रहने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय ने कहा यहां दाखिला प्रक्रिया पूर्णतः योग्यता आधारित है। यहां की दाखिला समिति आवेदनों का कड़ा मूल्यांकन करती है। चयन प्रक्रिया में कई घटक व कटऑफ होते हैं। जो जेईई/गेट स्कोर या प्रवेश परीक्षा या योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर तय किए जाते हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में अलग से कोई प्रबंधन कोटा नहीं है। विश्वविद्यालय ने छात्रों व अभिभावकों को ऐसे दावों से सावधान रहने की सलाह दी है।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:01.09.2022**

# PIONEER

## भ्रामक दावों से सावधान किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने छात्रों तथा उनके अभिभावकों को विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने का झूठा दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह से सावधान किया है जोकि उनसे पैसा ऐंठने का प्रयास हो सकता है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया पूर्णत: योग्यता पर आधारित है। विश्वविद्यालय की दाखिला समिति द्वारा आवेदनों का कड़ा मूल्यांकन किया जाता है। चयन प्रक्रिया में कई घटक और कट-ऑफ होते हैं, जो जेईई/गेट स्कोर या प्रवेश परीक्षा या योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर तय किए जाते हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में अलग से कोई प्रबंधन कोटा नहीं है। विश्वविद्यालय ने छात्रों और उनके अभिभावकों को ऐसे किसी भी झूठे या भ्रामक दावों से सावधान रहने की सलाह दी है और ऐसे किसी भी मामले की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रमाण के साथ फोन नंबर 0129-2310160 या ईमेल पर दी जा सकती है।